## परिशिष्ट-1 (पैराग्राफ संख्या 1.3 देखें)
## कानूनी ढाँचा

अधिनियम के विभिन्न विशिष्ट प्रावधानों के अंतर्गत कटौती/छूट इत्यादि का दावा करने के लिए लेखाकार द्वारा जारी किए जाने वाले और निर्धारिती द्वारा अपनी आयकर विवरणी के साथ प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट/प्रमाणपत्र नीचे दर्शाए गए है:

| निहित अधिनियम की धारायें | संबंधित नियम | जिन पर लागू है | अपेक्षित फॉर्म |
|---|---|---|---|
| 32(1)(iiए) | 5ए | किसी पदार्थ या किसी वस्तु के विनिर्माण के व्यवसाय अथवा उत्पादन के कारोबार या बिजली के उत्पादन अथवा उत्पादन एवं वितरण के कारोबार से जुड़ा निर्धारिती। | 3एए |
| 10(23सी) | 16सीसी | निधि, ट्रस्ट, संस्थान, विश्वविद्यालय, शैक्षिक संस्थान, अस्पताल अथवा चिकित्सा संस्थान। | 10बीबी |
| 12ए(बी) | 17बी | सार्वजनिक धर्मार्थ अथवा धार्मिक न्यास या संस्थान जिसकी आय छूट से पूर्व कर पर प्रभार्य न होने वाली अधिकतम राशि से ज्यादा हो। | 10बी |
| 33एबी(2) | 5एसी | धारा 33एबी(1) के तहत किए गए विशेष जमा के संबंध में छूट का दावा करने वाले ऐसे निर्धारिती जो चाय या काफी अथवा रबड़ उगाते और उत्पादन करते हैं। | 3एसी |
| 33एबीए(2) | 5एडी | साइट रेस्टोरेशन निधि खाता/योजना के अंतर्गत जमा के संबंध में कटौती का दावा करने वाले निर्धारिती। | 3एडी |
| 35डी(4) | 6एबी | कुछ प्रारम्भिक खर्चों के परिशोधन का दावा करने वाले, कंपनियों अथवा सहकारी समितियों के अलावा निर्धारिती। | 3एई |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35ई(6) | 6एबी | कुछ खनिजों की खोज इत्यादि पर व्यय का दावा करने वाले, कंपनियों अथवा सहकारी समितियों के अलावा निर्धारिती। | 3एई |
| 44एबी | 6जी | यह प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य है कि निर्धारित तिथि से पूर्व अपने लेखों की एक लेखाकार द्वारा लेखापरीक्षा कराके निर्धारित फॉर्म (अर्थात् फॉर्म 3सीए, फॉर्म 3सीबी अथवा फॉर्म 3सीडी जैसा भी मामला हो) में इस लेखापरीक्षा की रिपोर्ट को उस तिथि तक ऐसे लेखाकार द्वारा पूर्णतः हस्ताक्षरित और सत्यापित रूप में जमा करे और इस रिपोर्ट में सभी निर्धारित ब्यौरे दे, यदि<br>(i) कुल बिक्री, कारोबार अथवा पिछले वर्ष के किसी व्यापार पर प्राप्त आय ₹ 60 लाख (नि.व. 2013-14 से ₹ 1 करोड़) से ज्यादा हो<br>(ii) पिछले वर्ष उसके किसी पेशे से प्राप्त उसकी कुल आय ₹ 15 लाख (नि.व. 2013-14 से ₹ 25 लाख) से अधिक हो अथवा<br>(iii) पिछले वर्ष उसे किसी व्यापार से होने वाले लाभ या आय को धारा 44एडी या धारा 44एई अथवा धारा 44एएफ या धारा 44बीबी या धारा 44बीबीबी जैसा भी मामला हो, के तहत ऐसे व्यक्ति की आय या लाभ माना जाए, और उसने अपने कारोबार से उसकी मानित आय अथवा लाभ से कम आय या लाभ का दावा किया है अथवा<br>(iv) पिछले वर्ष उसे किसी व्यापार से होने वाले लाभ या आय को धारा 44एडी के अंतर्गत उस व्यक्ति की आय या लाभ माना जाए और वह अधिकतम राशि से अधिक अपनी आय एवं लाभ होने, किसी पिछले वर्ष में आयकर प्रभार्य न होने का दावा करता है<br>इस धारा के प्रयोजनार्थ,<br>(i) "लेखाकार" का वही अर्थ होगा जैसा कि धारा 288 की उपधारा (2) के नीचे व्याख्या की गई है और ''विनिर्दिष्ट तिथि'' से तात्पर्य एक निर्धारिती के लिए नि. व. से सम्बन्धित पूर्व वर्ष के सम्बन्ध में तात्पर्य निर्धारण वर्ष में 30 सितम्बर | 3सीए, 3सीबी एवं 3सीडी |
| 44डीए | 6जीए | गैर-प्रवासियों के मामले में रॉयल्टी आदि के माध्यम से आय की गणना हेतु विशेष प्रावधान। | 3सीई |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 80-I(7)/80-Iए | 18बीबीबी | इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा, दूरसंचार सेवायें, औद्योगिक पार्क या बिजली आदि के लिए औद्योगिक उपक्रम अथवा उद्योग वाले निर्धारिती और कुछ विशेष श्रेणी में कतिपय उपक्रमों या उद्योगों के संबंध में विशेष प्रावधान। | 10सीसीबी |
| 80-Iडी(3)(iv) | 18डीई | विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में होटल एवं सम्मेलन केंद्र के कारोबार से लाभ एवं आय के संबंध में छूट का दावा करने वाले निर्धारिती। | 10सीसीबी बीए |
| 80-Iबी(11बी) | 18डीडी | ग्रामीण क्षेत्र में अस्पताल चलाने और अनुरक्षण करने के कारोबार से लाभ कमाने वाले उपक्रम स्वामित्व वाले निर्धारिती। | 10सीसीबी सी |
| 80-Iबी(7ए) एवं (7बी) | 18डीबी/ डीसी | मल्टीप्लेक्स थियटर अथवा सभागार केंद्र रखने और चलाने के कारोबार के संबंध में कटौती का दावा करने वाले निर्धारिती। | 10सीसीबीए/ 10सीसीबीबी |
| 115वीडब्ल्यू(ii) | 11टी | 'क्वालीफाइंग शिप्स' चलाने के कारोबार से जुड़ी कंपनियाँ जिन्होंने 'टनेज कर' योजना को चुना है। | 66 |
| 142(2ए) | 14ए | एओ के आदेश पर विशेष लेखापरीक्षा। | 6बी |
| 10ए(5) | 16डी | मुक्त व्यापार क्षेत्रों, ईपीजेड, सेज़ एसटीपी इत्यादि में स्थापित नए उपक्रमों के संबंध में छूट का दावा करने वाले निर्धारिती। | 56एफ |
| 10बी(5) | 16ई | नए स्थापित ईओयूज़ के संबंध में कटौती का दावा करने वाले निर्धारिती। | 56जी |
| 10Bए(5) | 16एफ | अर्हक पदार्थ या सामानों [मुख्य कच्चे माल के रूप में लकड़ी की बनी हस्तनिर्मित वस्तुए या सामान] के निर्यात से प्राप्त लाभ के संबंध में छूट का दावा करने वाले निर्धारिती। | 56एच |
| 50बी(3) | 6एच | 'स्लम्प सेल' के मामले में, उपक्रम/डिवीज़न की निवल आय की गणना हेतु। | 3सीईए |
| 72(ए)(2)(iii) | 9सी | निर्धारित शर्तों के अनुपालन से संबंधित समामेलित निर्धारिती कंपनी। | 62 |
| 80-Iए(6) | 18बीबीई | हाऊजिंग अथवा अन्य गतिविधि जो हाइवे परियोजना का अखण्ड भाग है, से लाभ के संबंध में कटौती का दावा करने वाले निर्धारिती। | 10सीसीसी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 80एलए | 19एई | विशेष आर्थिक क्षेत्र में अपतटीय बैंकिंग इकाई रखने वाले अनुसूचित बैंक | 10सीसीएफ |
| 80-Iबी(11सी) | 18डीडीए | भारत में किसी भी स्थान पर स्थित अस्पताल चलाने से होने वाली आय एवं लाभ से छूट का दावा करने वाले निर्धारिती। | 10सीसीबीडी |
| 80जेजेएए(2) | 19एबी | नए कार्मिक के रोजगार के संबंध में छूट का दावा करने वाले निर्धारिती। | 10डीए |
| 92ई | 10ई | अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन अथवा विनिर्दिष्ट घरेलू लेन-देन और उसके विवरण से संबंधित। | 3सीईबी |
| 115जेबी | 40बी | निर्धारिती कंपनी जिस पर धारा 115जेबी के प्रावधान लागू होते हैं। | 29बी |
| 115जेसी | 40बीए | एलएलपी (नि.व. 2012-13) के लिए और कंपनी के अलावा व्यक्ति (नि.व. 2013-14 से) जिस पर धारा 115जेसी के प्रावधान लागू होते हैं। | 29सी |
| 201/206सी | 31एसीबी/ 37जे | प्रवासियों के लिए जो अध्याय XVIIबी/XVIIबीबी के प्रावधानों के अनुसार कटौती/कर संग्रहण में विफल रहे। | 26ए/27बीए |
| 285 | 114डीए | संपर्क कार्यालय वाले गैर-प्रवासी द्वारा विवरण। | 49सी |